# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला –कोरबा (छ.ग.)

क्रंमाक / मु.चि.अ / डी.एम.एफ / 2021 / 438 कोरबा, दिनांक : 14.01.2021

प्रति,

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सह वेब सूचना प्रबंधक / नोडल अधिकारी,
कार्यालय कलेक्टर (एन.आई.सी.), जिला–कोरबा (छ.ग.)

विषयः– डी.एम.एफ. मद अंतर्गत मोहल्ला क्लीनिक हेतु मानव संसाधन के स्वीकृत संविदा पदों हेतु **वॉक–इन इन्टरव्यू** विज्ञापन सूचना अपलोड करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जिला खनिज न्यास संस्थान मद अंतर्गत मोहल्ला क्लीनिक के समुचित संचालन हेतु स्वीकृत रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु **दिनांक 01/02/2021 से 02/02/2021** एवं **04/02/2021** को **वॉक–इन इन्टरव्यू** हेतु विज्ञापन सूचना जिला कोरबा के वेबसाइट www.korba.gov.in में अपलोड करने का कष्ट करें।

**संलग्न :– विज्ञापन**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – कोरबा (छ.ग.)

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला – कोरबा (छ.ग.)

क./मु.चि.अ./डी.एम.एफ./2021/437 कोरबा दिनांक 14/01/2021

## विज्ञापन

जिला खनिज न्यास संस्थान मद अंतर्गत मोहल्ला क्लीनिक के समुचित संचालन हेतु स्वीकृत रिक्त संविदा पदो की भर्ती हेतु सरल क्रमांक 01 से 04 तक के लिये इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों हेतु वाक–इन–इन्टरव्यू का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–कोरबा में किया गया है।

### भाग – अ

| S. No. | Post Name | Total Vacant Post | UR | OBC | SC | ST | Salary | Educational Qualification |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MO-Ayush | 8 | 3 | 1 | 1 | 3 | 25000/- | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration in Medical Board. |
| 2 | RMA | 7 | 2 | 1 | 1 | 3 | 22000/- | Passed in Practitioner in Modern and holistic Medicine Course .(PMHM) with Registration in C.G. Medical Board |
| 3 | Nursing Officer | 30 | 10 | 4 | 3 | 13 | 16500/- | BSc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registrastion in Chhattisgarh Nursing Registrastion council . |
| 4 | Secretarial Assistant (DEO) | 3 | 1 | 1 | – | 1 | 13650/- | Graduate with at least 1 year Diploma in Computer Applications |

### भाग – अ

| स.क. | पदनाम | वाक–इन–इन्टरव्यु दिनांक | दिशा निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1 | MO-Ayush | 01-02-2021 | पंजीयन हेतु निर्धारित समय – सुबह 10.00 बजे से 01.00 बजे तक, पात्र/अपात्र की सुची का प्रकाशन – दोप. 1.00 बजे तक, दावा आपत्ति हेतु समय – 30 मिनट, दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् साक्षात्कार/कौशल/लिखित परीक्षा आयोजित किया जावेगा। आवेदकों के संख्या के आधार पर कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार उसी दिन संभव नहीं होने पर चयन समिति के निर्णय अनुसार आगामी तिथि को लिया जावेगा जिसकी सूचना पृथक से पात्र अभ्यर्थीयों को कार्यालयीन सूचना पटल एवं एन.आई.सी.वेबसाइट www.korba.nic.in में दी जावेगी। |
| 2 | RMA | | |
| 3 | Nursing Officer | 02-02-2021 | |
| 4 | Secretarial Assistant | 04-02-2021 | |

### भाग – ब

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. आवेदक आवेदन का प्रारुप वेब साईट www.korba.nic.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. अपूर्ण एवं त्रुटीपूर्ण भरे हुए आवेदन पत्रों को निरस्त करते हुए चयन प्रकिया में शामिल नहीं किया जावेगा।
3. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविधालय से होना अनिवार्य है।
4. 01 जनवरी 2021 को आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु होना चाहिए, आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2021 की स्थिति में की जावेगी।

5. अभ्यर्थी द्वारा अलग–अलग पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पदवार पृथक आवेदन व डी.डी संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन मान्य नही किया जावेगा।

6. **प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा " NRHM FUND MAIN A/C 32287394726 KORBA" के नाम से जारी डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो वापसी योग्य नही होगा।**

7. बिना आवेदन शुल्क (निर्धारित राशि डिमांड ड्राफ्ट) आवेदन अपूर्ण माना जावेगा एवं भर्ती प्रकिया में शामिल नही किया जावेगा।

8. आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:–

| वर्ग | मानदेय प्रति माह रू. 25000 या रू 25000 से कम होने पर |
|---|---|
| विकलांग / अ.जा / अ.ज.जा / महिला उम्मीदवार हेतु | 100 |
| अ.पि.व. | 200 |
| अनारक्षित वर्ग | 300 |

9. 16500 / – या 16500 / – रूपये से कम एकीकृत वेतनमान वाले पदों हेतु जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के पात्र अभ्यार्थी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा। 16500 / – रूपये से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त होंगे।

10. विज्ञापित पदों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार / लिखित परीक्षा / कम्प्यूटर आधरित कौशल परीक्षा लिया जावेगा।

| कमांक | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | लिखित एवं कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होन पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

11. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों को साक्षात्कार, लिखित एवं कौशल परीक्षा के **समय आवेदन** के साथ संलग्न किए समस्त मूल दस्तावेज मांगे जाने पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में साक्षात्कार / लिखित / कौशल परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
12. अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्र के सत्यापन मे असत्य पाये जाने पर संबंधित का चयन निरस्त की जा सकेगी। जिसके लिये किसी भी न्यायालय मे वाद दायर नही किया जा सकेगा।
13. दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समयावधि पश्चात किये गये आपत्ति आवेदन अमान्य होगा तथा चयन समिति द्वारा ली गई निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिसके विरूद्ध कोई अपील / शिकायत अस्वीकार्य होगा।
14. **आवश्यक दस्तावेज** – आवेदन करते समय निम्न अभिलेखों की छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न किये जावे :–
    01. 10वी की अंकसूची, (जन्म तिथि के प्रमाण हेतु)
    02. निर्धारित न्युनतम शैक्षिणिक योग्यता के **सभी वर्षो की अंक सूची / संबंधित डिग्री / इंटर्नशीप प्रमाण पत्र।**
    03. छ.ग. कॉन्सिल पंजीयन का जीवित प्रमाणपत्र जिन पदों हेतु लागू है संलग्न करना आवश्यक है।
    04. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग हेतु)।
    05. सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदाय मूल निवास प्रमाण पत्र।
15. अनुभव प्रमाण पत्र केवल केन्द्र एवं राज्य सरकार के उपक्रम / शासकीय संस्था के पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिपूर्ण वर्ष के 10 / 15 अंक, (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक) प्रदाय किये जावेंगे।
16. स्टॉफ नर्स पद पर प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में कार्य अनुभव के प्रतिपूर्ण वर्ष 04 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक प्रदाय किया जावेगा। अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर छ.ग. का ही मान्य होगा।

17. नर्सिंग प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में अनुभव हेतु अंकों की गणना की जावेगी। अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर छ.ग. का ही मान्य होगा।
18. आवेदक को ओवदन संबंधित एवं चयन प्रकिया संबंधित सभी सूचना जिले के वेब साईट www.korba.nic.in एवं सूचना पटल के माध्यम से समय समय पर उपलब्ध करायी जावेगी। इसके अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से सूचना नहीं दी जावेगी।

## भाग – स

19. **पद कमांक 01**– एम.ओ. आयुष हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक) प्रदाय किये जावेंगे। 20 अंक हेतु कौशल/साक्षात्कार लिया जावेगा।
20. **पद कमांक 02**– आर.एम.ए. हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक) प्रदाय किये जावेंगे। 20 अंक हेतु कौशल/साक्षात्कार लिया जावेगा।
21. **पद कमांक 03** – नर्सिंग ऑफिसर हेतु शैक्षणिक योग्यता के 60 प्रतिशत अंक, अनुभव के अंक/मितानिन कार्य अनुभव के अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक, मितानिन कार्य अनुभव के प्रतिपूर्ण वर्ष 04 अंक के मान से अधिकतम 20 अंक) प्रदाय किये जावेंगे। 10 अंक हेतु लिखित परीक्षा एवं 10 अंक हेतु साक्षात्कार लिया जावेगा।
22. **पद कमांक 04**– सेकेट्रीयल असिस्टेंट हेतु शैक्षणिक योग्यता के 65 प्रतिशत अंक एवं अनुभव के अंको को जोडकर वरीयता सूची बनायी जावेगी। (एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 3 अंक के मान से अधिकतम 15 अंक एवं अन्य अभ्यार्थियों को प्रतिवर्ष 02 अंक के मान से अधिकतम 10 अंक) प्रदाय किये जावेंगे। 20 अंक हेतु कौशल/लिखित परीक्षा लिया जावेगा।

## भाग – द
## भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश :–

01. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों कि जॉच कि जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
02. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार की भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
03. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2021 तक के लिये होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने पर एवं जिला खनिज न्यास अंतर्गत बजट उपलब्धता की स्थिति में ही सेवा वृद्धि की जा सकेगी।
04. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
05. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
06. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
07. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतिक्षा सूची भी जारी की जावेगी प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदों तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदों हेतु 150 प्रतिशत अभ्यार्थियों को प्रतिक्षा सूची में रखा जावेगा।
08. अंतिम चयन सूची व प्रतिक्षा सूची की वैधता प्रकाशन तिथि से अगामी न्यूनतम एक वर्ष या अगली नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक वैध रहेगी।

09. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

10. जिन पदो के लिए जिले के निवासी की आवश्यकता है ऐसे आवेदको को सक्षम अधिकारी, द्वारा जारी छ.ग. का मुल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

11. अभ्यार्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाए।

12. अभ्यार्थी को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।

13. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यार्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

14. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा। जो सभी आवेदको को मान्य होगा।

15. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासन हीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।

16. प्रशासकीय कारणो से अधिसुचित रिक्तियों में पदो की संख्या घटाई या बढाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता को होगा।

17. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, आवेदन पत्र का प्रारूप एवं कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु तिथि परिवर्तन की सूचना, चयन प्रकिया का परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के सुचना पटल एवं जिले के वेबसाईट www.korba.nic.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नही दी जावेगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला – कोरबा (छ.ग.)**

# आवेदन पत्र

स्व प्रमाणित सत्यापित नवीनतम् फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला– कोरबा (छ.ग.)

01. आवेदित पद का नाम :– Post Name..............................................

02. आवेदक का पुरा नाम (हिन्दी में) :–..............................................

(अंग्रेजी के कैप्टल अक्षर में) :–..............................................

03. पिता / पति का नाम :–..............................................

04. जन्मतिथि (अंको में) :–..............................................

(शब्दों में) :–..............................................

05. दिनांक 01 / 01 / 2021 की स्थति में आयु वर्ष ...................... माह...................... दिन........................

06. वर्तमान पता :–..............................................

:–..............................................

:–..............................................पिन कोड ......................

07. मोबाइल नं (स्वंय का) :–..............................................(अन्य)............................

08. ई–मेल आईडी :–..............................................

09. स्थाई पता :–..............................................

:–..............................................

:–..............................................

10. जाति–अना. / अ.ज.जा / अपिव :–..............................................

11. बैंक डिमांड ड्राफ्ट जारी करने वाले बैंक का नाम :–..............................................

12. बैंक डिमांड ड्राफ्ट क्रमांक ............................... दिनांक ................................ राशि ........................

13. लिंग महिला / पुरूष :–..............................................

14. क्या शासकीय या अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत है :–..............................................

15. शैक्षणिक योग्यता

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / विवि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पुर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

16. तकनीकी योग्यता :–

| क्र. | परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / विवि.नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पुर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

17. कार्यनुभव (यदि हो तो उल्लेख करें) :–......................................................................................

| क्र | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

18. संलग्न दस्तावेज की सूचीः–

1.............................................................. 2.............................................................. 3..............................................................

4.............................................................. 5.............................................................. 6..............................................................

7.............................................................. 8.............................................................. 9..............................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

## घोषण पत्र

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ। मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई जानकरी या सूचना गलत, असत्य, अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद हेतु मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान................ नाम ————————————

दिनांक............ पता ————————————